卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 27 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦3 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## शीतकाल के लिए बंद हुए केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट

रूद्रप्रयाग/उत्तरकाशी। केदारनाथ धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट आज





भाई दूज के पर्व पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा केदार और यमुदोनोत्री धाम के दर्शन किये । केदारनाथ में तड़के 4 बजे से कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। भगवान आशुतोष के ज्योतिर्लिंग को समाधिरूप दिया गया। इसके उपरांत विधि–विधान से मंदिर के कपाट सुबह 8. 30 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के बाद सेना की बैंड धुनों के साथ बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली ने अपने धाम से शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर(शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस मुठभेड़ में ईनामी बदमाश घायल

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रेमनगर थाना क्षेत्र में पशु वध के मामले में वांछित चल रहे 10 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने शेरपुर में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार



कर लिया। आरोपी के तमंचे से फायर झोंकने के बाद पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश घायल हो गया। उसे सीएचसी सहसपुर में (शेष पृष्ठ सात पर)

## पति को गैर महिला संग देख पत्नी ने लगाई पिटाई

लालकुआं (उद संवाददाता)। यहां सारे बाजार तहसील के पास उस समय लोग आश्चर्यचकित रह गए। जब उन्होंने एक महिला को पुरुष तथा उसके साथ मौजूद महिला की बेरहमी से पिटाई लगाते देखा। मामला सामने आने पर पता चला कि एक पत्नी ने अपने पति को प्रेमिका के साथ घूमते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया था। फिर पत्नी का पारा चढ़ गया और पत्नी ने पति और उसकी प्रेमिका की जमकर पिटाई करनी शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। जिसके बाद मामला पुलिस में पहुंचने के बाद पुलिस ने पति पत्नी को समझा बुझा कर घर भेज दिया। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। मारपीट में तीनों लोगों को मामूली चोटें आ गई। बताया जाता है कि मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी युवक का पहाड़ों पर ठेकेदारी का काम करता है। उसने हल्दूचौड़ क्षेत्र में एक मकान किराए पर लेकर वहां पत्नी व अपने बच्चों को रखा है। बताया जा रहा है कि युवक का बागेश्वर में काम चलता है। जहां उसका एक विधवा महिला (शेष पृष्ठ सात पर)

## बंद घर में आग लगने से लाखों की क्षति

रूद्रपुर (उद सवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प के मौहल्ला शास्त्री नगर में आज बंद घर में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से घर में रखा सारा सामान, नगदी व अन्य जरूरी चीजें जलकर राख हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू पाया। जानकारी के अनुसार शास्त्री नगर निवासी महिला शक्ति देवी पत्नी स्व. महेन्द्र पाल प्रातः अपने बच्चों दो पुत्रों व एक पुत्री का भैया दूज का पर्व करवा कर घर में ताला लगाकर राजा कालोनी निवासी अपने भाई को टीका लगाने उसके घर गई थी। इसी दौरान





उसके घर में अज्ञात कारणों से आग भड़क गई। आस पड़ोस के लोगों ने जब घर से धुआं निकलते देखा तो उन्होंने शक्ति देवी को घटना की सूचना दी और आग पर काबू करने के लिए कोशिश शुरू कर दी। साथ ही दमकल विभाग को मामले की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही शक्ति देवी परिजनों के साथ घर पहुंची और उसने तुरंत घर आकर ताला खोला तो भीतर आग भड़की हुई थी और सारा सामान धूं धूं कर जल रहा था। इसी दौरान दमकल कर्मी भी (शेष पृष्ठ सात पर)

## भैया दूज पर भाईयों का तिलक कर बहनों ने की दुआयें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दीपावली के बाद आज भैया दूज पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बहनों द्वारा अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर ईश्वर से उनकी सुखसमृद्धि व दीर्घायु होने की कामना की। जिसके बाद भाईयों ने बहनों को उपहार दिये। भाईयों को तिलक लगाने के लिए सभी बहनें प्रातः से ही सजधज कर तैयार हो गई थीं। भैया दूज का पर्व दीपावली के दो दिन के बाद कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाता है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन यमराज यमुना से मिलने आये थे और यमुना ने उनका विशेष भोजन और आतिथ्य के साथ स्वागत किया था।









## तमंचों सहित तीन शातिर दबोचे

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रेशमबाड़ी मौहल्ले में हुए विवाद में तमंचा लहराकर समाज में भय व्याप्त करने वाले 3 शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार कर लिया।



जानकारी के अनुसार 31अक्टूबर को रेशमबाड़ी में एक विवाद में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा तमंचे लहराकर भगदड़ मचाई गई थी। जिससे आम जनमानस में भय का माहौल पैदा हो गया था। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त वीडियो का संज्ञान लेते हुए उक्त अभियुक्तगणों के विरुद्ध (शेष पृष्ठ सात पर)

# शासन तंत्र ने ना तो ‘डीएम’ की सुनी और ना ही ‘सीएम’ की

**सीएम के निर्देश को अभी भी मुंह चिढ़ा रहे शहर की सड़कों में मौजूद गड्ढे, निगम द्वारा गड्ढा भरान में करोड़ों बहाने के दावे के बावजूद शहर के कई मार्ग खस्ता हाल, रुद्रपुर विधायक के प्रयास और डीएम की हिदायत भी बेअसर**

–अर्श–

रुद्रपुर। जान पड़ता है जैसे रुद्रपुर नगर की सीमा के अंतर्गत आने वाली सड़कों के गड्ढे भरने के मामले में अभी तक ना तो उत्तराखंड के सीएम की चल पाई है और ना ही उधम सिंह नगर के की अवधि भी समाप्त हो गई ,मगर रुद्रपुर नगर की विभिन्न सड़कों पर मौजूद मनमर्जी का आलम यह है कि उसने ना तो सीएम के निर्देश की परवाह है और ना के मुख्यमंत्री ने प्रदेश से मानसून की विदाई के बाद बारिश से क्षतिग्रस्त हुई हो सकी। निर्धारित समय सीमा तक सड़कों के गड्ढे ना भरे जाने से खफा जाने का फाइनल अल्टीमेटम दिया और मुख्यमंत्री के फाइनल अल्टीमेटम दिए जाने के बाद रुद्रपुर के विधायक शिव अरोड़ा ने भी अपनी टीम के साथ शहर के बाजार की सड़कों का मुआयना किया था और शहर की सड़कों को निध





दक्ष चौराहे से बगवाड़ा की ओर जाने वाली सड़क की दक्ष चौराहे में स्थिति



झा कॉलेज के सामने से प्रीत विहार की ओर जाने वाली सड़क की स्थिति



प्रीत विहार मेन मार्केट से जूस फैक्ट्री की ओर जाने वाली सड़क की हालत

डीएम की। बीते 31 अक्टूबर को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए फाइनल अल्टीमेटम बेहिसाब गड्ढे अभी भी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के निर्देश को मुंह चिढ़ा रहे हैं। उधम सिंह नगर की नौकरशाही की ही डीएम की ।इतना ही नहीं शासन तंत्र ने रुद्रपुर विधायक की मंशा को भी तनिक भाव नहीं दिया। स्मरणीय है कि उत्तराखंड राज्य की सभी सड़कों के गड्ढे 15 अक्टूबर तक भरे जाने के निर्देश दिए थे, मगर इस दिशा में कोई खास प्रगति नहीं मुख्यमंत्री ने राजधानी में उच्च अधिकारियों की मीटिंग बुलाकर 31 अक्टूबर तक राज्य की सड़कों को गड्ढा मुक्त किए जाने की निर्धारित अवधि तक गड्ढा मुक्त किए जाने की अपेक्षा की थी।और तो और उधम सिंह नगर के डीएम(शेष पृष्ठ 7 पर)

# पहाड़ी से टकराकर पलटा मैक्स वाहन, एक की मौत, 11 लोग घायल

लोहाघाट। दिवाली के दूसरे दिन लोहाघाट में एक बड़ा हादसा हो गया। शनिवार सुबह एक मैक्स वाहन देवखुरा के पास अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकराकर पलट गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जबकि 11 लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसा शनिवार सुबह 11:30 का बताया जा रहे है। संवाददाता से मिली जानकारी के अनुसार पाटी से लोहाघाट की ओर आ रहा मैक्स वाहन लोहाघाट के देवखुरा के पास अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकराकर पलट गया। हादसे में महेशराम (55) पुत्र मोती राम निवासी भूमाड़ी की मौत हो गई। जबकि 11 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिसमें से ड्राइवर पंकज पुत्र प्रकाश निवासी करौली की गलत गंभीर बनी हुई है। हादसा होता देख मौके पर चीख-पुकार मच गई। जिसे सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को वाहन से निकालकर निजी वाहनों और



एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को लोहाघाट के उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। डॉक्टर अजीम ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही महेश राम की मौत हो चुकी थी। जबकि ड्राइवर पंकज की हालत गंभीर है। जिसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। इसके साथ ही हादसे में घायल दो महिलाओं को भी चंपावत रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही लोहाघाट के प्रभारी थाना अध्यक्ष चेतन रावत घायलों का हाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया हादसे के दौरान वाहन में 12 लोग सवार थे। जो पाटी से लोहाघाट की ओर आ रहे थे। इस दौरान वाहन देवखुरा में अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकराकर पलट गया। रावत के अनुसार मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक महेश राम (55) की तबीयत खराब थी। जिन्हें उनका बेटा और पत्नी इलाज के लिए अस्पताल ला रहे थे। इसके अलावा घायलों की पहचान पंकज कुमार (चालक), महेश्वरी देवी (55), मुन्नी देवी (52), सुंदर राम (59), कविता देवी (33) ,सावित्री देवी (50), रेखा देवी (31), संजय कुमार (31), मुदित कुमार (7), संजय कुमार (37 ), मनोज (34) के रूप में हुई है।

# भैया दूज पर सिपाही ने महिला का खोया हुआ बैग लौटाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आज भैया दूज के पर्व पर एक पुलिसकर्मी ने एक महिला यात्री की खुशी को और दुगना कर दिया जब उसका लाखों के जेवरात भरा बैग खोज निकाल उसे सौंप दिया।। बताया जाता है कि हेमा देवी पत्नी श्याम सिंह रावत निवासी तल्ली भवाली से हल्द्वानी आ रही थी। हल्द्वानी रोडवेज पर हेमा देवी का जेवरात रखा बैग अचानक गायब हो गया। जिसमें तीन से चार लाख रुपए के जेवर रखे थे। जानकारी मिलते ही पुलिस ने महिला यात्री की मदद के लिए पूरी ताकत लगा दी। काफी खोजबीन के साथ सीसीटीवी कैमरे चेक करने के बाद पुलिस ने गांधीनगर क्षेत्र से महिला का बैग प्राप्त कर उसे लौटा दिया। बैग मिलने पर महिला ने पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया।



# श्री सत्यनारायण मंदिर में हुई गोवर्धन पूजा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री सत्यनारायण मंदिर में गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाई गई। पूजा अर्चना मंदिर के मुख्य पुजारी चंद्रशेखर जोशी द्वारा कराई गई। इस अवसर पर मंदिर समिति के संरक्षक जगदीश लाल सडाना, गौरीशंकर चड्ढा, अध्यक्ष पंकज कपूर, सचिव ठाकुर दास कपूर, कोषाध्यक्ष त्रिलोक नारायण एवं सोनी सबरवाल, राजकुमार आनंद, सनी आनंद, गगन चोपड़ा, दलीप कपूर, गोविंद ग्रोवर आदि भक्तजनों ने भाग लिया। पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया एवं भंडारे का आयोजन किया गया।



# गौ माता की सेवा व रक्षा के प्रति हों जागरूक: भट्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट ने गौ माता की रक्षा और सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया। उन्होंने सभी से गौ माता की सेवा के प्रति जागरूक और समर्पित होने की अपील की। भुवन भट्ट ने बताया कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और भारतीय समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं है बल्कि हमारी संस्कृति में उसे श्गौ माताश का स्थान दिया गया है, जो जीवनदायिनी और पवित्र मानी जाती है। भारतीय संस्कृति में गाय का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यधिक है, और यह केवल एक पशु के रूप में नहीं, बल्कि एक सम्माननीय जीव के रूप में पूजी जाती है। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा का पर्व भगवान श्रीकृष्ण के गोवध 'न पर्वत उठाने के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है, जो कि प्रकृति, पशु और पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देता है। इसी भावना के तहत गायों की रक्षा करना और उनका संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। भुवन भट्ट ने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे आगे आकर गौ सेवा और संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने गौ सेवा के माध्यम से समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने पर जोर दिया और कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर गौ माता की सेवा और सुरक्षा का संकल्प ले तो समाज में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। उन्होंने इस उद्देश्य के लिए गौशालाओं की स्थापना, गायों के लिए चारा और पानी की व्यवस्था, और उनकी चिकित्सा सुविधाओं में सुधार जैसे कार्यों पर जोर दिया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को यह भी सुझाव दिया कि वे अपने घरों में गाय पालने का प्रयास करें और इसके लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों को गौ रक्षा और संरक्षण में सहयोग देने और इस महत्वपूर्ण कार्य में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। भुवन भट्ट ने यह संकल्प दोहराया कि वह व्यक्तिगत स्तर पर भी गौ रक्षा और सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे और अपने प्रयासों से क्षेत्र में गौ माता के संरक्षण का कार्य आगे बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने गोवर्धन पूजा के इस विशेष दिन को गौ सेवा के प्रति समर्पित करते हुए सभी से आग्रह किया कि वे भी इस पुण्य कार्य में शामिल होकर अपने समाज और संस्कृति का संरक्षण करें।

# कुंडेश्वरी व आईटीआई में जहरीली शराब का बड़े पैमाने पर कारोबार

## पुलिस कर रही है लाहन नष्ट, साइलेंट है आबकारी

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए अभियान को गति देने के नाम पर यहां आईटीआई थाना पुलिस के अलावा कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ध ूल में लठ मार रही है ताकि सांप भी मर जाए और लाठी भी ना टूटे। यानी कार्यवाही के नाम पर खुदरा कारोबारियों को दबोचकर उनके कब्जे से 10-20 लीटर जहरीली शराब बरामद की जा रही है या फिर कथित तौर पर लहन नष्ट कर अपनी पीठ आप थपथपाने का काम किया जा रहा है। जबकि हकीकत यह है कि काशीपुर व जसपुर क्षेत्र में आबकारी व पुलिस की गलत नीतियों के कारण भारी पैमाने पर जहरीली कच्ची शराब के कसीदगी तथा फरोख्त करने का काम किया जा रहा है। मजे की बात यह है कि पुलिस द्वारा की जा रही अधिकांश कार्यवाही में कच्ची शराब के बरामदगी तथा कारोबारियों के पकड़े जाने का लेखा-जोखा कहीं नहीं है। गौरतलब है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र के निर्देश पर जिले भर में नशे के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि आबकारी विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारी पुलिस के इस अभियान को पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। जरायम कारोबार को संरक्षण देने में संबंधित थाने चौकियों में तैनात कुछ पुलिस कर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। वर्दी की लचर कार्य प्रणाली के चलते कच्ची शराब के गैर कानूनी कारोबार में जुड़े लोगों के हौसले बुलंद है। सर्वेक्षण को सच मान जाए तो अकेले काशीपुर व आईटीआई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव खाई खेड़ा रमपुरा छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी खड़कपुर देवीपुरा कनकपुर वीरपुर कटैया गिन्नी खेड़ा बांसखेड़ा आदि गांवों में बसने वाले सैकड़ो परिवारों का भरण पोषण जहरीली शराब के कारोबार पर आश्रित है। इन गांवों में जहरीली कच्ची शराब का कारोबार बेखौफ होता है। कानून का किसी को भी कोई खौफ नहीं है। पेशेवर एक एक कारोबारियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के दर्जनों मुकदमे दर्ज होने के बावजूद भी उनकी संलिप्तता जरायमपेशा कारोबार में कब नहीं हुई। पुलिस और आबकारी के लिए आज भी जहरीली कच्ची शराब को बंद करना किसी चुनौती से काम नहीं है।

**सुरक्षित नहीं रही राज्य की सीमा:** अलीगंज रोड पर राज्य की सीमा के करीब स्थापित पैगा पुलिस चौकी के समीप वाहनों से अवैध वसूली की सूचना है। जानकार बताते हैं कि उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा संभल आदि क्षेत्रों से तड़के ईंटों भरे ट्रक एवं ट्रैक्टर ट्रालियां उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश करते हैं। वाहनों की चालकों से चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा अवैध वसूली की सूचना है। इसके अलावा खनन भरे वाहनों से भी अवैध वसूली की जा रही है इसी तरह कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में भी एसएसपी के निर्देशों को ताक पर रखते हुए वाहनों से अवैध वसूली एवं जरायमपेशा कार्यों को संरक्षण देने का मामला सूत्रों के मुताबिक प्रकाश में आ रहा है।






# केदारनाथ यात्रा सम्पन्न: साढ़े 16 लाख यात्रियों ने किए दर्शन

## बीकेटीसी अध्यक्ष ने सफल यात्रा संचालन के लिए मुख्यमंत्री, बीकेटीसी के कार्मिकों, पुलिस प्रशासन यात्रा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विभागों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी का आभार जताया

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारनाथ धाम के कपाट आज भाई दूज के पर्व पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए।विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज रविवार को भैया दूज के पावन पर्व पर प्रात: 8 बजकर 30 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद हो गए। कपाट बंद होने के अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था ।इस अवसर पर हजारों भक्तों के बीच आर्मी बैड की धुन और बम बम भोले..जय बाबा केदार .. के जयघोषों के साथ मंदिर के कपाट भारतीय सेना की बैंड धुनों और वैदिक मंत्रों के साथ विधि-विधान व धार्मिक परंपराओं के अनुसार कपाट बंद किए गए। इस मौके पर 15 हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे। रविवार प्रात: पांच बजे से बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य, वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की। स्वयंभू शिवलिंग को भस्म, स्थानीय पुष्पों बेल पत्र आदि से समाधि रूप दिया गया। जिसके पश्चात निर्धारित मुहूर्त पर प्रात: 8 बजकर 30 मिनट पर बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर से बाहर लाकर श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने अपने पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। हजारों श्रद्धालु बाबा की पंचमुखी डोली के साथ पैदल ही रवाना हुए। इस अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि इस यात्रा काल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थ यात्री श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन से आज भव्य व दिव्य केदारपुरी का पुनर्निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिह धामी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम यात्रा का सफल संचालन हुआ। उन्होंने सफल यात्रा संचालन के लिए बीकेटीसी के कार्मिकों, पुलिस-प्रशासन, यात्रा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विभागों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी आदि का आभार जताया। कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी डोली अपने शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए रवाना हो गई है। आज 3 नवंबर को रामपुर और 4 नवंबर सोमवार को श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी रात्रि प्रवास कर 5 नवंबर मंगलवार को डोली शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेंगी। शीतकाल में बाबा केदार की पूजा ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में ही संपादित होगी। कपाट बंद होने के अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय के अलावा स्वामी संबिदानंद महाराज, जिलाधिकारी डॉ. सौरव गहरवार, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे, केदारनाथ विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलि याल, सदस्य श्रीनिवास पोस्ती,भास्कर डिमरी, प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, मुख्य पुजारी शिवशंकर लिंग, धर्माचार्य ओंकार शुक्ला, तीर्थ पुरोहितों की संस्था केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी,पूर्व अध्यक्ष विनोद शुक्ला, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल, डोली प्रभारी प्रदीप सेमवाल, ललित त्रिवेदी, देवानंद गैरोला अरविंद शुक्ला, कुलदीप धर्म्वाण, उमेश पोस्ती, प्रकाश जमलोकी, रविंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।







विधि-विधान से बंद हुए केदारनाथ धाम के कपाट,बाबा केदार की पंचमुखी विग्रह डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ के लिए रवाना हुई।





# देवप्रयाग संगम से गंगा सागर की यात्रा पर निकली बीएसएफ की महिला राफ्टिंग टीम

देहरादून। बीएसएफ और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की महिला राफ्टिंग टीम पहली बार शनिवार को देवप्रयाग संगम से गंगा सागर की यात्रा पर निकली। स्वच्छ गंगा अविरल गंगा व महिला सशक्तिकरण का संदेश देते अभियान को बीएसएफ के महानिरीक्षक राजा बाबू सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। गंगासागर तक के 2500 किलोमीटर के साहसिक अभियान में राफ्टिंग दल देवप्रयाग से पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर की दूरी 53 दिन में तय करेगा। अभियान का समापन 24 अक्टूबर को होगा। इस अवसर पर बीएसएफ के आईजी राजा बाबू सिंह ने कहा कि यह भारत की पहली महिला टीम है जो इस तरह के साहसिक कार्यक्रम का हिस्सा बनी है। देश में महिला सशक्तिकरण की पहचान इस अभियान में बीस महिला जवान शामिल हैं ।जिन्होंने इसके लिए छह हफ्तों का विशेष प्रशिक्षण लिया है। उन्होंने कहा कि गंगा भारत की पवित्र नदी है इसको स्वच्छ व अविरल रखना हमारा संकल्प है। उन्होंने इसे अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि 2015 में आईटीबीपी ने देवप्रयाग से राफ्टिंग की शुरुआत की थी और आज पहली बार बीएसएफ की महिला राफ्टिंग अभियान की शुरुआत करने का अवसर उन्हें मिला है। दो राफ्टों के साथ चलने वाले इस अभियान में गंगा तट से लगे 43 नगरों में स्वच्छ गंगा अविरल गंगा का संदेश भी नई पीढ़ी को दिया जायेगा। 24 दिसम्बर तक चलने वाले अभियान में सुरक्षा की दृष्टि से द्वितीय कमान अधिकारी मनोज सुंदरियाल की अगुवाई में भी एक टीम साथ चलेगी। अभियान की शुरुआत पर श्री रघुनाथ परिसर के छात्रों द्वारा स्वस्ति वाचन भी किया गया।








# चार दिवसीय 24 वां शरदोत्सव मेला आज से

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मानव विकास सेवा संस्थान द्वारा आयोजित पारंपरिक चार दिवसीय 24वां शरदोत्सव मेला सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उत्तरांचली व फिल्म स्टार नाइट का आयोजन किया जा रहा है। समिति के संस्थापक अध्यक्ष में लगभग 4000 कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। विक्की योगी ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर को जीवन्त रूप देने संस्कृति पर्यटन फिल्म का प्रचार प्रसार करने व स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्यों के उत्पादन की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। बॉलीवुड के चिर परिचित कलाकार भीबशरदोत्सव मेला कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतो के लगभग चार हजार कलाकारों आकर अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



देंगे।नसमिति में मुख्य संरक्षक एपी बाजपेई नगर मजिस्ट्रेट, मुख्य संयोजक नीरज शारदा, संरक्षक जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, डॉक्टर जेएस खुराना, प्रभारी स्वागत समिति माही महिमा नंदा, संयोजक जीएस रावत, कौस्तुभ चंदोला, संयम मल्होत्रा दीपक कुमार, एवं फिल्म निर्माता निर्देशक विक्की योगी ने कहा कि आज 3 नवंबर सायं से प्रारंभ होने वाले चार दिवसीय शरदोत्सव मेला एवं विकास प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि द्वारा उद्घघाटन किया जाएगा। चार दिनों को लेकर मानव विकास सेवा संस्थान द्वारा विगत 23 वर्षों से कार्यक्रम आयोजित किया जाता आ रहा है। जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन के सहयोग से मेले में सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं गिरीश चंदोला, लक्ष्मी फुलारा, सरोज बिष्ट, आशा रावत, सचिन टमटा आदि पदाधिकारी हैं। समिति के पदाधिकारियो ने जनता से कार्यक्रम में पधार कर कलाकारों का मनोबल बढ़ाने की अपील की।

# ब्राह्मण महासभा के मुख्य संरक्षक बने बाली

## महानगर इकाई ने सीएम के नाम सौंपा पांच सूत्रीय मांग पत्र

काशीपुर(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी दीपक बाली को काशीपुर महानगर इकाई का मुख्य संरक्षक मनोनीत किया है। महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महासचिव संजय शर्मा, सचिव शशिकांत शर्मा, संगठन मंत्री मोहित गौड, कोषाध्यक्ष अरविंद शर्मा, प्रदेश संरक्षक विद्यार्थी भैया, ने रामनगर रोड स्थित दीपक बाली के आवास पर उनसे मुलाकात की और उन्हें मनोनयन पत्र के साथ साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र भी सोंपा। श्री बाली ने ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वह संस्था को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग करेंगे और शीघ्र ही युवा हृदय सम्राट मुख्यमंत्री श्री धामी से मुलाकात कर इस मांग पत्र को उन्हें सौंपेंगे और मांग पत्र में रखी गई मांगों को पूरा कराने का भरसक प्रयास करेंगे। ब्राह्मण



महासभा के पदाधिकारियों ने श्री बाली को पटका पहनाकर शाल ओढाकर और भागवत गीता देकर सम्मानित किया। ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों द्वारा दिए गए पांच सूत्री मांग पत्र में पूरे प्रदेश में परशुराम जयंती 10 मई के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए, काशीपुर सिटी क्षेत्र मेंभगवान परशुराम जी के नाम पर किसी चौक/चौराहे को परशुराम चौक घोषित किया जाए, काशीपुर समेत प्रदेश के सभी मंदिरों केपुजारियों का मानदेय कम से कम 5 से 10 हजार निर्धारित किया जाए, प्रदेश में ब्रह्मण कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए, और साथ ही भारत सरकार से मांग है कि सनातन धर्म संस्कृति रक्षा बोर्ड का गठन किया जाए

# जमीन का सौदा करके हड़प लिये डेढ़ करोड़

## पैसे लेने के बाद नहीं कराया बैनामा, सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर रोड स्थित पंचवटी विलाज के स्वामी सुरेन्द्र चावला के साथ जमीन का सौदा करने के बाद डेढ़ करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में पंचवटी विलाज के मैनेजर आनन्द कुमार चौधरी ने बताया कि उनकी फर्म के कार्यालय पर ग्राम शिमला पिस्तौर निवासी राजेन्द्र पाल छाबड़ा व अनिल कुमार छाबड़ा पुत्र लाल चन्द छाबड़ा का आना जाना था। दोनो भाईयों ने योजनावद्ध तरीके से साजिश के तहत स्वयं की भूमि ग्राम शिमला पिस्तौर में स्थित खतौनी 10-664 खसरा सं0-497 मिन रकबई 2.8045 हे० तथा खसरा सं०- 498 रकबई 0.0600 हे० व खसरा सं० 501 रकबई 0.0020 हे० कुल रकबा 2.8665 हे0 की खतौनी फर्म के स्वामी सुरेन्द्र चावला को दिखाकर अपनी कहा कि उन लोगों को धन की अत्यन्त आवश्यकता है तथा अपनी भूमि को बाजार कीमत से कम कीमत पर मजबूरी में विक्रय कर रहे है, कम कीमत पर विक्रय करने का प्रलोभन देकर सुरेन्द्र कुमार चावला से 1 करोड़ 51 लाख में सौदा कर लिया। उक्त भूमि राजेन्द्र पाल, अनिल कुमार के अलावा हंसराज ओमप्रकाश, वेद प्रकाश, बल्देव राज, नरेश कुमार, कृष लाल पुत्रगण लाल चन्द्र के नाम कागजात में दर्ज थी, उक्त साजिश में राजेन्द्र पाल उसके भाई अनिल कुमार के साथ अन्य सभी भाई भी शामिल थे। सभी की सहमति के बाद सौदे के मुताबिक सुरेन्द्र चावला ने 1 करोड़ 51 लाख में से 19 लाख रूपये नकद और 1 करोड़ 32 लाख रूपये कैनरा बैंक के खाते से स्थानांतरित कर दिये। सौदे के समय 15 दिन बाद भूमि का बैनामा निष्पादित कराने की बात कहीं गयी किंतु 15 दिन बीतने के बाद जब सुरेन्द्र चावला ने राजेन्द्र पाल छाबड़ा व अनिल कुमार छाबड़ा से संपर्क किया तो उक्त लोग टाल मटोल करने लगे। उनकी नियत पर शक होने पर सुरेन्द्र चावला के पुत्र सुधीर चावला द्वारा अपने कार्यालय में 28 दिसम्बर 2021 को पंचायत बुलाई गयी जहां पर उक्त सभी भाईयों को बुलाया गया, लेकिन पंचायत में ही उक्त लोगों ने बैनामा कराने तथा रूपया वापस करने से इंकार कर दिया। जब इस सम्बंध में कानूनी कार्यवाही करने की बात की तो 15 जनवरी 2022 को दिन के 3:00 बजे राजेन्द्रप ाल छाबड़ा उसका भाई अनिल कुमार छाबड़ा अपने दो-तीन अन्य लोगो के साथ कार्यालय पंचवटी विलाज काशीपुर रोड में आये तथा कार्यालय के अन्दर मां बहन की गन्दी गन्दी गालिया देते हुए जबरन घुसकर कार्यालय के अन्दर रखा सामान इधर उधर फेंककर तोड़फोड़ करने लगे धमकी देते हुए कहा कि यदि आज के बाद रूपये मांगे या रजिस्ट्री करने को कहा तो पूरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। तहरीर में कहा गया है कि उक्त लोगों से सुरेन्द्र चावला और उनके परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सनातन धर्म मंदिर में विधि विधान से हुई गोवर्धन पूजा

गदरपुर(उद संवाददाता)। गोबर्धन पूजा के अवसर पर श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित गोबर्धन पूजन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा पहुचे और गोबर्धन भगवान का पूजन कर लंगर प्रसाद वितरण किया इस अवसर पर



गुंजन सुखीजा ने कहा कि पृथ्वी को धारण करने वाले गोवर्धन भगवान, आप गोकुल की रक्षा करने वाले हैं। भगवान विष्णु ने अपनी भुजाओं से आपको ऊंचा उठाया था। ऐसी ही आप सभी का कल्याण करें ऐसी मेरी प्रार्थना है। इस अवसर पर उनके साथ कपिल कुमार,परमजीत पम्मा और कुनाल रस्तोगी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दहेज के लिए ससुरालियों ने विवाहिता को घर से निकाला

रूद्रपुर। दहेजलोभी ससुरालियों द्वारा विवाहिता को दो वर्ष पूर्व घर से निकाल दिया गया। तब से वह बच्चों सहित मायके में रह रही है। मामले की रपट दर्ज करा दी गई हैं। दर्ज में तौकीर हसन पुत्र कमल हसन निवासी शास्त्री नगर वार्ड 12, ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि लगभग 6 वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री नूरी खान का दानिश पुत्र गुड्डू निवासी अलसिया भौज बहेड़ी जिला बरेली के साथ विवाह किया था। उसके ससुराल पक्ष के लोग ससुर गुड्डू पति दानिश, सास आसकारा, देवर दिलसाद विवाह में दिये गए दान दहेज से खुश नहीं थे और पुत्री को ताने देते कि तेरे माता-पिता ने विवाह में कुछ नहीं दिया है। जिसका विरोध करने पर नूरी खान को मारते पीटते। तौकीर का आरोप है कि पुत्री नूरी खान को मारपीट के लगभग विवाह के 2 वर्ष बाद ही दामाद दानिश ने मायके लाकर छोड़ दिया। तब से पुत्री अपने बच्चे को लेकर मायके रह रही है और वह ही अपनी पुत्री नूरी खान व उसके बच्चे का लालन पालन पोषण कर रहा है। दामाद नुरी खान व उसके बच्चे के लिये खर्चा पानी नहीं देता है और न ही अपने घर लेकर जा रहा है। नूरी खान अपनी ससुराल जाने की बात करती है तो ससुराल वाले कहते है कि यहां पर आयी तो हम तुझे मार देंगे।

# पांच नवंबर को नशे के खिलाफ पद यात्रा निकालेंगे विधायक पाण्डे

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि क्षेत्र में बढते नशे के कारोबार के खिलाफ पांच नवंबर को पैदल मार्च निकालेंगे। शनिवार को भाजपा नेता हिमांशु सरकार के आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि क्षेत्र में नशे का कारोबार बढ़ गया है। जिससे युवा पीढि नशे के दलदल में धसता जा रहा है। नशे की पूर्ति के लिए युवा हत्या लूट जैसी घटनाओं को भी अंजाम दे रहे है। उन्होनें कहा कि नशे के कारोबार में सफेद पोश लोग शामिल है पुलिस जिनहे बेनकाब नही कर पा रही है। कहा कि पिछले दिनों उन्होंने एसएसपी से मिलकर क्षेत्र में बढते नशे के धंधे के खिलाफ अवगत कराया था।



बावजूद इसके अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई। उन्होने कहा कि नशे के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। और आम जनता के साथ पांच नवंबर को चक्कीमोढ से दिनेशपुर तक पद यात्रा निकाली जाएगी। उन्होने क्षेत्र वासियों से पद यात्रा में शामिल होने की अपील की। इस मौके पर हिमांशु सरकार,अनादीरंजन मंडल, प्रसन्नजीत शाह,मनोज राय, रवि सरकार, सुकुमार सरकार, अनामी प्रसाद विशवास, सुकुमार सरकार, प्रोजीत मंडल, सुकुमार कुमार आदि मौजूद रहे। वार्ता के दौरान दिपावली से एक दिन पूर्व वार्ड नं सात की एक महिला से अज्ञात युवक ने चाकू की नोक पर की गई लट का प्रयास का खुलासा नही होने पर विधायक ने फोन से एससपी मणीकांत मिश्रा से बात करके नाराजगी जताई घटना की शिघ्र खुलासे की मांग की। विधायक ने कहा कि एसएसपी ने शिघ्र आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया।

# धूमधाम से मनाया भाई दूज

सितारगंज(उद संवाददाता)।नगर में भाई दूज का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। बहन ने भाई के माथे पर तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना की। खट्टी-मीठी यादों से भरा भाई-बहन का रिश्ता स्पेशल होता है। इस



रिश्ते को साल में 2 दिन रक्षाबंधन और भाई दूज के त्योहार के तौर पर मनाया जाता है। दिवाली के 2 दिन बाद भाईदूज का त्योहार मनाया जाता है। जिसमें बहनें अपने भाई के माथे पर तिलक करके भगवान से उनकी लंबी उम्र की प्रार्थना करती हैं। पांच दिवसीय दिवाली पर्व के आखिरी दिन भाई दूज मनाया जाता है। यह पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व प्यार और रक्षा का प्रतीक होता है। इस दिन बहनें अपने भाई का रोली और अक्षत से टीका करती हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन यदि विधि-विधान से पूजा की जाए, तो भाई-बहनों के ऊपर से अकाल मृत्यु का संकट टल जाता है।

# दिनेशपुर में हत्या और लूट के प्रयास का नहीं हुआ खुलासा

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। बीते दिनों दिनेशपुर थाना क्षेत्र में एक महिला को निर्मम हत्या कर बैग में लाश भरकर फेकने की घटना का खुलासा पुलिस अभी तक नहीं कर सकी है। वही चार दिन पूर्व दिनदहाड़े मीडिया कर्मी के भाई की पत्नी के गले में चाकू की नोक रखकर लूटने का प्रयास मामले का सुराग अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगी है। हालांकि दिनेशपुर पुलिस ने मीडिया को लूट के प्रयास के आरोपी की पहचान होने का दावा किया था। दोनों ही मामले पुलिस के हाथ में सफलता नहीं लगी है। लेकिन अब उनका कहना है कि दोनो मामले में लीड मिली है जिस पर काम कर रहे हैं। बता दे दीपावली से पूर्व बदमाशों ने चार दिन पहले थाना क्षेत्र अंतर्गत सनसनीखेज लूट का प्रयास किया। इस दौरान बदमाशों ने दिनेशपुर के वरिष्ठ मीडिया कर्मी गौतम सरकार के छोटे भाई डोली सरकार के गले में चाकू की नोक रखकर लूटने का प्रयास किया था। घटना के समय भीड़ को आता देख बदमाश भाग गए थे। जबकि लूट का प्रयास का घटनास्थल दिनेशपुर थाना से चंद मीटर दूरी पर है। बावजूद इसके पुलिस आरोपियों को पकडने में नाकाम साबित हुई है। आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं है। लेकिन पुलिस घटना के दिन आरोपियों की पहचान करने का दावा कर रहे थे। संगीन वारदातों को छिपाने के लिए पुलिस का यह रवैया काफी समय से देखा जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी इस मामले में संज्ञान नहीं ले रहे। बढ़ते अपराध और पुलिस की निष्क्रियता के कारण आम जनमानस अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है।

# शिविर में कारसेवा बाबा रविन्द्र सिंह ने किया रक्तदान

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। डेरा कारसेवा बाबा रविन्द्र सिंह ने गुरूद्वारा साहिब में लगे रक्तदान शिविर में रक्तदान कर संगत से भी बढ़ चढ़ कर रक्त दान करने का संदेश दिया। कारसेवा बाबा रविन्द्र सिंह गुरूद्वारा प्रबंधक रणजीत सिंह



के साथ गुरूद्वारें में लगे रक्त दान कैम्प में पहुंचे , जहां उन्होंने रक्त दान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्त दान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने संगत से भी रक्त दान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आहवान करते हुये कहा कि रक्तदान करने से जहां दूसरे मनुष्य को जीवन मिलता है तो वही दान करने वाले को पुण्य लाभ मिलता है।

उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## पटाखों का प्रदूषण

पिछले कुछ वर्षों से हवा में बढ़ते जहरीले रसायनों के चलते सांस की तकलीफ से लेकर सेहत संबंधी बहुस्तरीय समस्याएं न केवल हमारे देश, बल्कि दुनिया भर में चिंता का कारण बनी हुई हैं। आए दिन वायु गुणवत्ता में लगातार गिरावट और उसके बुरी तरह प्रदूषित होते जाने के मसले पर पर्यावरणविद् चेतावनी देते रहे हैं कि अगर समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वक्त में प्रदूषण से बिगड़ते हालात को संभालना असंभव हो जाएगा। मगर इस वर्ष एक बार फिर दीपावली के मौके पर इतने पटाखे जलाए गए कि देश के कई शहरों की वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में चली गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआइ 317 तक पहुंच गया। दिल्ली में पटाखों पर पाबंदी के बावजूद पूरे शहर में इसके बड़े पैमाने पर उल्लंघन के मामले सामने आए। हरियाणा और पंजाब के साथ-साथ देश के अन्य कई शहरों में भी इसी तरह की स्थिति रही। सवाल है कि तमाम शहरों-महानगरों में वायु गुणवत्ता में चिंताजनक गिरावट, इसके 'बेहद खराब' श्रेणी में जाने और उसकी वजह से होने वाली परेशानियों की अनदेखी के दुष्परिणाम किसे झेलने होंगे। हालत यह है कि इस समस्या के लगातार गहराते जाने के बावजूद न तो सरकारों को इस पर लगाम लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत महसूस हो रही है, न प्रदूषण और इससे उपजने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का भुक्तभोगी होने के बावजूद आम लोगों को अपने आप पर थोड़ा नियंत्रण रखने की जरूरत जान पड़ती है। खासकर पर्व-त्योहारों के मौके पर लोगों को सरकारी अपीलों और नियम-कायदों का उल्लंघन करने में हिचक नहीं होती। विडंबना है कि ऐसे समय में सरकार भी सब जानते-बूझते हुए कभी आस्था के नाम पर, तो कभी किसी अन्य बहाने से इस मामले में बरती जाने वाली व्यापक लापरवाही की अनदेखी कर देती है। आखिर क्या वजह है कि हर वर्ष दीपावली के मौके पर बारूद के पटाखों की वजह से वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है और अगले दिन इसका व्यापक असर देखे जाने के बावजूद लोग इसके प्रति सचेत नहीं होते, जबकि इसका खमियाजा उन्हें ही झेलना पड़ता है।

# उत्तराखड में फरार चल रहे मोस्ट वांटेड अपराधियों की तलाश तेज

देहरादून। उत्तराखंड में बड़े अपराध में शामिल 25 हजार से लेकर दो लाख के 70 इनामियों की तलाश में उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स व पुलिस जुटी है। इनमें से दो लाख रुपये का इनामी वह है जोकि हत्या के मामले में पिछले 25 साल से फरार चल रहा है।एसटीएफ व पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अब तक उसका कहीं पता नहीं लग पाया है। वहीं श्री नानकमत्ता साहिब के डेरा प्रमुख की हत्या करने वाले बदमाश सर्बजीत सिंह को भी दो लाख रुपये के इनामी की श्रेणी में रखा हुआ है।पुलिस विभाग की ओर से हर साल पांच हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपये तक के इनामियों की लिस्ट जारी की जाती है। इनमें से 25 हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपये तक के इनामियों की गिरफ्तारी की जिम्मेदारी एसटीएफ के पास है। मौजूदा समय में पुलिस की लिस्ट में 70 मोस्ट वांटेड में दो अपराधी दो लाख रुपये के इनामी हैँ जबकि सात बदमाशों पर एक लाख रुपये इनाम है। इसके अलावा 21 बदमाशों पर 50 हजार और 40 पर 25 हजार रुपये का इनाम है। प्रदेश में दो लाख रुपये के दो इनामी हैं। इनमें से हत्या के मामले में सुरेश शर्मा निवासी पट्टी दोगी तहसील देवप्रयाग जिला गढ़वाल है। सुरेश शर्मा के विरुद्ध वर्ष 1999 में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसी साल उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के दो मुकदमे दर्ज हुए। तब वह फरार चल रहा है। पुलिस



के पास इनामी के बारे में कोई सूचना नहीं है। इसके अलावा वर्ष मार्च 2024 में डेरा प्रमुख श्री नानकमत्ता साहिब की हत्या की गई थी। हत्या का एक आरोपित मुठभेड़ में मारा गया था जबकि दूसरा अपराधी सर्बजीत सिंह निवासी मियाविंड जिला तरनतारन पंजाब अब भी फरार चल रहा है। उस पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस को एक लाख रुपय के सात इनामी अपराधियों की तलाश है। इनमें वर्ष 2003 में हत्या का प्रयास, रंगदारी व गैंगस्टर के पांच मुकदमों में नामजद अतुल बिष्ट निवासी तल्लीताल नैनीताल पर एक लाख रुपये का इनाम है। वहीं वर्ष 2005 में हत्या के आरोपित किशोर राम निवासी रामनगर नैनीताल व रजनीश निवासी धामपुर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश पर भी एक -एक लाख रुपये इनाम रखा गया है। आवासीय फ्लैट दिलाने का झांसा देकर निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले दीपक मित्तल व उसकी पत्नी राखी मित्तल निवासी पुष्पांजलि रियल्स एंड इंफ्राटेक लिमिटेड भी एक लाख के इनामी हैं। जबकि राज्य स्थापना दिवस पर देहरादून के रिलायंस शोरूम में सबसे बड़ी 20 करोड़ रुपये की डकैती डालने वाले अविनाश कुमार निवासी हाजीपुर सदर जिला वैशाली बिहार व राहुल निवासी सरकपुर बसेनी जिला बेगुसराय बिहार पर भी एक लाख रुपये इनाम घोषित किया गया है।मोस्ट वांटेड की लिस्ट में तीन ऐसे आरोपित भी हैं, जिन पर पांच-पांच रुपये इनाम घोषित किया गया है। 12 अक्टूबर को उधमसिंह नगर में कुछ बदमाशों ने कई राउंड फायर किए और फरार हो गए। बदमाशों को उनकी औकात दिखाने के लिए एसएसपी उधमसिंहनगर मणिकांत मिश्रा ने फरार चल रहे तीन बदमाशों पर पांच-पांच रुपये इनाम घोषित किया। उन्होंने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया, क्योंकि अकसर अपराधी अपने ऊपर घोषित इनाम की बड़ी रकम का इस्तेमाल अपने गैंग में खुद का नाम बड़ा करने के लिए करते हैं। जितनी बड़ी इनाम की रकम, अपराधी उतना ज्यादा कुख्यात। ऐसे में महज 5-5 रुपये का इनाम इन तीनों अपराधियों को उनकी औकात महसूस कराएगा।

भारत माँ के हे वरद पुत्र
यह गाथा उस शूरवीर की,
जो बभनी गांव में जन्म लिया।
शौर्य, त्याग, कर्तव्य, कृतित्व से,
जिला प्रतागढ़ को धन्य किया।
लहू का हर एक कतरा-कतरा,
भारत मां पर न्यौछावर किया।
तीन दशक थल सेना में सेवा,
तीन महायुद्ध को फतह किया।।
62, 65 और 71 के युद्ध में,
दुश्मन के सामने अड़ा रहा।
दुश्मन को धूल चटाने तक,
निज छाती ताने खड़ा रहा।
इतना ही नहीं देवी प्रसाद को,
कई वीरता पुरस्कार मिला।
जीवन के अंतिम सांस तलक,
अडिग पथिक बन सतत् चला।।
ठहरा नहीं एक पल भी वह,
जब से सेवामुक्त हुआ।
समाज सेवा की अलख जगाकर,



**बभनी ( प्रतापगढ़ ) के निवासी, राष्ट्र के गौरव एवं वीरता पुरस्कार प्राप्त शौर्यवीर ऑनरेरी कैप्टन देवी प्रसाद मिश्र की स्मृति में सादर समर्पित ।**

हम सबको सन्मार्ग दिया।।
1930 में जन्म लिया और,
28 अक्टूबर 24 को महाप्रयाण।
शूरवीर देवी प्रसाद मिश्र पर,
राष्ट्र को है सदा अभिमान।।
तुम्हारे अहसानों का कर्ज
हम कभी चुका नहीं पाएंगे,
अमर प्रयाण भले ही हुआ,
युग-युग तक गाए जाएंगे।।
मैं नमन करूं वंदन करूं,
करूं तुम्हारा नित सम्मान।
आज धरा पर गूँज रहा,
देवी प्रसाद का गौरवगान।।
हे वीर तुम्हे दे महा विदा,
धरती माता गमगीन हुई।
अपने भी याद में डूब गए,
नीलम भी शोक संतप्त हुई।।
जब तक सूरज-चंद्र रहेंगे,
गंगा में बहता रहेगा पानी!
शौर्यवीर देवी प्रसाद की,
अमर रहेगी सदा कहानी!!
नमन! नमन! हे वीर नमन!
करता है सारा राष्ट्र नमन!
भारत माँ के हे वरद पुत्र!
शिवम् का है सस्नेह नमन!!

-डॉ. शिवम् तिवारी साहित्यकार

## बढ़ती मोबाइल की लत!

जो मन में विचार उत्पन्न हो या कुछ नया पढ़ा जाये या नया ज्ञात हो उसके बारे में गुगल पर ढुढने की ललक हर व्यक्ति को लगी हुई है वर्तमान युग में मोबाइल का इस्तेमाल जीवन का अहम् हिस्सा बन चुका है हर व्यक्ति चाहे वह अमीर है या गरीब इसमें हर युवा की दिलचस्पी इसमे बढ़ती ही जा रही है आनलाइन-कनेक्ट रहनें, शेयरिंग, चैटिंग, फोटो, वीडियो रील बनाने व शेयर करने म्यूजिक, लोकेशन शेयर करने स्टेटस, ग्रुपिंग , छोटे व्यापारियों का अमेजन पिल्पकार्ड से जुड़ व्यापार को बढ़ावा देना उपभोक्ता को उचित मुल्कों पर सामान मिलना नौकरियो के लिए आवेदन इन्टरनेट बैंकिंग, टिकट बुकिंग ,आनलाइन शिक्षा, बिजली बिल जमा करने होटल बुकिंग फूड-आर्डर,दवा भेजना, मनोरंजन ,संगीत सुनना गेमिंग, मीटिंग्स, वीडियो काल,सोशल साइट्स फेसबुक, व्हाट्सएप इंस्टाग्राम, ट्विटर से किसी वस्तु या अपना प्रचार ,-प्रसार करने मोबाइल से लाभ लेने की होड़ लगी है है 1973 में यह केवल टेलिफोनिक कारों और अन्य वाहनों तक सीमित था मोटोरोला कम्पनी ने दुनिया का पहला हैण्डहेल्ड सेट मोबाइल बनाया जो लोकप्रिय होता गया मोबाइल के फायदो के साथ- साथ इसके अति इस्तेमाल से मनुष्य को इसकी हानियों से दो-चार होना पड़ रहा है आंखों को इसकी किरणो से नुकसान जलन,आई साइटस कमजोर। होना साइबर चोरी जरूरी जानकारियों,बैंक डिटेल्स की चोरी व धोखाधड़ी से पैसे निकाल लेना व ट्रांसफर करना विधार्थियों के गाना सुनने देखने, गेम्स खेलने, अश्लील साइट्स देखने,चैटिंग करने से उनका समय जाया होता है तथा वह पढ़ाई में पिछड़ जाते हैं बच्चे अपनी उम्र से पहले उम्रदराज हो रहे हैं उनका बचपना इससे छिनता जा रहा है रील्स बनाते क ई बच्चे काल का ग्रास बनते हैं बच्चे पल पल की अपडेट दिमाग में एक प्रकार का जहर भर- मानसिक अशान्ति पैदा कर रही है इसकी अधिकता से ब्रेनट्यमर, मोटापा, डायबिटीज, फजूल खर्ची,कमजोर दिमाग डिप्रेशन,रात देर तक इस्तेमाल ,नींद पूरी न होने से चिड़चिड़ापन ,गुस्सा, लड़ाई -झगड़ा करना , डिमेंशिया भूलने की बिमारी सामाजिक सम्पर्क में कमी ,ड्गो व बनावटी जीवन का बनना, समय से जरूरी कार्यों का न हो पाना, नैतिकता की कमी आदि समस्यायें उनके जीवन में पैदा हो रही है पूरा जीवन व संसार मानो मोबाइल में ही सिमट कर रह गया हो इसकी क्षण भर की दूरी भी मानव को बैचेन कर दे रही है ।

-नरेश छाबड़ा, रूद्रपुर

# जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस का बदलता सुर

जम्मू-कश्मीर में बदलाव की धारा 2019 में धारा-370 और 35-ए के विलोपित होने के बाद ही दिखने लगी थी। इसी का परिणाम रहा कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में यहां मतदान की प्रतिशत लगभग 65 रहा और नेकां और कांग्रेस गठबंधन ने बहुमत हासिल कर लिया। हालांकि नेकां राज्य की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर आई, किंतु कांग्रेस महज छह सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई। कांग्रेस का जनाधार जम्मू क्षेत्र में दिखाई दे रहा था, लेकिन वहां भी उसका सफाया हो गया। परिणाम के बाद उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पर छींटाकसी करते हुए यहां तक कह दिया कि कांग्रेस की वजह से नेकां को कम सीटें मिलीं। गठबंधन को कुल 48 सीटें पर जीत मिली थी, जिनमें से 42 नेकां ने जीती हैं। कांग्रेस द्वारा कम सीटें जीतने के कारण मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शपथ लेने के बाद कांग्रेस के एक भी विधायक को मंत्री नहीं बनाया। कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका है। अतएव यह शंका भी उठने लगी है कि भविष्य में गठबंधन टूट भी सकता है और उमर अब्दुल्ला भाजपा के प्रति नरम दिखाई दे सकते हैं। उमर अब्दुल्ला ने सरकार बनते ही हिंदुओं में पैठ बढ़ाने का संदेश दे दिया है। नौशेरा से भाजपा के प्रांतीय अध्यक्ष रविंद्र रैना को हराने वाले नेकां के ही सुरेंद्र चौधरी को उपमुख्यमंत्री बना दिया। शपथ ग्रहण समारोह में इंडिया गठबंधन के कई प्रमुख नेता मौजूद थे। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी उपस्थित थे। परंतु अपनी जानी पहचानी ठसक के विपरीत पूरे समय राहुल असहज दिखाई दे रहे थे। दरअसल उमर ने कांग्रेस को एक मंत्री पद देने को कहा था, लेकिन कांग्रेस दो विधायकों को मंत्री बनाना चाहती थीं। उमर ने इस आग्रह को नहीं माना। नतीजतन राहुल के चेहरे पर बेवशी थी। कांग्रेस अब उमर सरकार को बाहर से समर्थन दे रही है, हालांकि उमर सरकार को स्पष्ट बहुमत मिल जाने के कारण कांग्रेस के समर्थन की कोई जरूरत नहीं है। इसीलिए उमर कांग्रेस का कोई दबाव झेलने को तैयार नहीं हुए। वस्तुत: कांग्रेस ने गठबंधन की मर्यादा का पालन करने और महाराष्ट्र व झारखंड के विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन बना रहे इसलिए बाहर से समर्थन देकर अपनी लाज बचाने की कोशिश की है। फिलहाल जम्मू- कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त नहीं है। अतएव मुख्यमंत्री के पास दिल्ली की तरह उपराज्यपाल से कम अधिकार हैं। इसलिए ऐसा भी अंदाज लगाया जा रहा है कि उमर ने कांग्रेस से दूरी दिखाने का यह खेल खेला है। यह शतरंज की चाल उनकी कूटनीति का हिस्सा है। हालांकि 19 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मंत्रीमंडल के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें केंद्र सरकार से पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का अनुरोध किया गया है। इस प्रस्ताव को मंत्रीमंडल ने सर्व सम्मति से



मंजूर किया है। वैसे भी यदि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा जल्दी मिल जाता है तो सुधार प्रक्रिया में गति आने की उम्मीद की जा सकती है। इससे संवैधानिक अधिकार जो अभी उपराज्यपाल के पास हैं, उनमें से ज्यादातर मंत्रीमंडल को मिल जाएंगे। इससे जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट पहचान और लोगों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा की गारंटी नवनिर्वाचित सरकार को मिल जाएंगे। संभव है, इस हेतु उमर अब्दुल्ला जल्दी ही प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों से दिल्ली जाकर बात करें। उमर के सुर बदलने का अंदाज इस बात से भी लगता है कि जम्मू-कश्मीर मंत्रीमंडल ने 4 नबंवर को श्रीनगर में विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का निर्णय लिया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से इस सत्र को अनुरोध करने का आग्रह भी किया गया है। उमर ने कहा है कि 'प्रदेश के हर वर्ग और हर क्षेत्र का एक समान चहुंमुखी विकास किया जाएगा। हम किसी के साथ भी क्षेत्र भाषा और राजनीतिक विचारधारा के आधार पर पक्षपात नहीं करेंगे।' कश्मीर में मुख्यमंत्री फारुक, मुफ्ती मुहम्मद, उमर और महबूबा मुफ्ती रहे हैं, किंतु सद्भाव और समरसता का ऐसा स्वर पहले कभी सुनाई दिया हो, याद नहीं आता। हालांकि नामुमकिन अनुच्छेद-370 की पुनर्बहाली की प्रतिबद्धता भी उन्होंने दोहराई। हालांकि अब अवाम को 370 की बहाली करने का सब्जबाग दिखाना असंवैधानिकता के साथ सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की अवमानना भी है। अनुच्छेद-370 हटने के बाद ही जम्मू-कश्मीर में 65 प्रतिशत मतदान संभव हुआ और दो निशान, दो विधान एवं दो प्रधान के प्रावधान खत्म हुए। इसलिए उमर अब्दुल्ला ने पहली बार मुखमंत्री की शपथ भारतीय संविधान के अनुसार ली है। सही मायनों में कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को भारतीय संविधान के कानूनी धागे में अब पुरो दिया गया है। क्योंकि अब यहां आधार, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नियंत्रक और महालेखक परीक्षक, मुस्लिम विवाह विच्छेद, शत्रु संपत्ति कानून, मुस्लिम महिला संरक्षण अधिनियम, भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, व्हिसल ब्लोअर समेत 108 केंद्रीय कानून अस्तित्व में आ गए हैं। साथ ही इस राज्य को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त होने के कारण जो 164 कानून यहां के लोगों को विशेष लाभ देते थे, वे रद्द हो गए है। इस राज्य के पुराने कानूनों में से 166 कानून ही ही अब जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लागू हैं। जो अधिकार देश की दूसरी ग्राम पंचायतों को प्राप्त थे, वे यहां भी लागू हो गए हैं। कश्मीर में अल्पसंख्यक हिंदू और सिखों को मिलने वाला आरक्षण लागू नहीं था, लेकिन नई व्यवस्था के तहत ये संवैधानिक प्रावधान प्रभावशील हो गए हैं। कश्मीर में सबसे बड़ा परिवर्तन यह भी हुआ है कि यहां की आधिकारिक भाषा उर्दु की जगह हिंदी हो गई है। जम्मू-कश्मीर देश का एकमात्र ऐसा राज्य था, जहां आधिकारिक भाषा उर्दु थी। इसीलिए उमर को कहना पड़ा है कि भाषा के आधार पर किसी के साथ पक्षपात नहीं होगा। पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त होने के बाद इस राज्य को संविधान की समवर्ती सूची से संबंधित मामलों में कानून बनाने का अधिकार मिल जाएगा। साथ ही राज्य को आईएएस, आईपीएस तथा आईएफएस अधिकारियों के तबादले का अधिकार भी मिल जाएगा। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक-2019 के संसद से पारित हो जाने के बाद लद्दाख भारत सबसे बड़ा केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। लद्दाख में लेह और कारगिल दो जिले हैं। लेह राजधानी है। लद्दाख क्षेत्र पाकिस्तान और चीन की सीमाएं साझा करता हैं। बीते 70 साल लद्दाख कश्मीर के शासकों की बदनीयति का शिकार होता रहा है। अब तक यहां विधानसभा की मात्र चार सीटें थी, इसलिए राज्य सरकार इस क्षेत्र के विकास को कोई तरजीह नहीं देती थी। लिहाजा आजादी के बाद से ही इस क्षेत्र के लोगों में केंद्र शासित प्रदेश बनाने की चिंगारी सुलग रही थी। 70 साल बाद इस मांग की पूर्ति हो गई। इस मांग के लिए 1989 में लद्दाख बुद्धिस्ट एसोशिएशन का गठन हुआ और तभी से यह संस्था कश्मीर से अलग होने का आंदोलन छेड़े हुए थी। 2002 में लद्दाख यूनियन टेरेटरी फ्रंट के अस्तित्व में आने के बाद इस मांग ने राजनीतिक रूप ले लिया था। 2005 में इस फ्रंट ने लेह हिल डवलपमेंट कार्उसिल की 26 में से 24 सीटें जीत ली थीं। इस सफलता के बाद इसने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसी मुद्दे के आधार पर 2004 में थुप्स्तन छिवांग सांसद बने। 2014 में छिवांग भाजपा उम्मीदवार के रूप में लद्दाख से फिर सांसद बने। 2019 में भाजपा ने लद्दाख से जमयांग सेरिंग नामग्याल को उम्मीदवार बनाया और वे जीत भी गए। लेह-लद्दाख क्षेत्र अपनी विषम हिमालयी भौगोलिक परिस्थितियों के कारण साल में छह माह लगभग बंद रहता है। सड़क मार्गों व पुलों का विकास नहीं होने के कारण यहां के लोग अपने ही क्षेत्र में सिमटकर रह जाते हैं। अब जम्मू- कश्मीर से अलग होने के बाद केंद्र शासित प्रदेश के रूप में इसका अपेक्षित विकास हो रहा है।

-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार

# ऑनलाईन गेमिंग के लिए अपने ही घर में कराई लाखों की चोरी, तीन गिरफ्तार

देहरादून। चम्पा गैरोला निवासी विवेकानन्द कॉलोनी तल्ला नैग्वाड अपनी बेटी से मिलने देहरादून गई थी। जब वह देहरादून से गोपेश्वर अपने घर लौटी तो घर के दरवाजे का ताला टूटा था। सास के कमरे में बने स्टोर के लॉकर का ताला तोड़कर आभूषण चोरी कर लिए गए थे और उनके अपने कीमती आभूषण भी गायब थे। जिनकी कीमत लगभग 35-40 लाख रूपये है। महिला ने पुलिस को इस संबंध में जानकारी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार द्वारा मामले तत्काल अनावरण व चोरी में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए अवाश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। और तत्काल पुलिस टीमों का गठन किया गया। चोरी का खुलासे करने संजय गर्ब्याल, पुलिस उपाधीक्षक चमोली सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की गई। टेक्निकल टीम की सहायता ली गई। सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी सहयोग के आधार पर पुलिस टीम द्वारा उक्त चोरी की घटना में संलिप्त दो नाबालिगों को पकड़ा गया। नाबालिगों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि पीड़ित का नाबालिग पुत्र ही उक्त घटना का मास्टरमांइड है, जिसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा पीड़ित के नाबालिग पुत्र को देहरादून से संरक्षण में



लेते हुए जनपद चमोली लाया गया। उसने बताया कि वो लम्बे समय से ऑनलाइन गेमिंग और ट्रेडिंग व महंगे खर्चे करने का शौकीन है। जिसके लिए उसके द्वारा काफी लोगों से पैसे उधार लिए गए थे। उक्त चोरी की घटना में संलिप्त एक नाबालिग से भी उसके द्वारा पचास हजार रुपये उधार लिए गए थे। अन्य लोगों द्वारा भी उस पर लगातार पैसे वापस करने का दबाव बनाया जा रहा था। कर्जे से छुटकारा पाने के लिए नाबालिग द्वारा अपने ही घर में चोरी करने की योजना बनायी गई, जिसमें उसके द्वारा अपने दो नाबालिग दोस्तों को यह लालच देकर शामिल कर लिया गया कि उसके घर पर उसकी माँ और दादी के लाखों के गहने है, जिन्हें चोरी कर ऊंचे दाम पर बेचकर वे काफी मुनाफा कमा सकते है। जब उसकी मां देहरादून चली गई तो मौके का फायदा उठाकर उसने अपने दोस्तों का घर बुला लिया।

# बीस लाख की मांग कर विवाहिता से मारपीट

## एसएसपी के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीस लाख रूपये और नगद की दहेज मांग कर ससुरालियों द्वारा विवाहिता से मारपीट कर उसें घर से निकाल देने का मामला प्रकाश में आया है। एसएसपी के निर्देश पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसका विवाह 28 फरवरी 2019 को सचिन गुप्ता पुत्र गणेश चन्द गुप्ता मूल निवासी नई बस्ती, मौहल्ला अग्रवाल, मैनपुरी हाल निवासी एम्स् कॉलेज, खण्डेरी, पारा पिपलिया, राजकोट गुजरात के साथ सम्पन्न हुआ था। विवाह के समय सचिन गुप्ता ने बताया कि वह बीडीएस कर रहा है जो एक वर्ष में कम्पलीट हो जायेगा। विवाह में अपनी हैसियत के मुताबिक घरेलू उपयोग का समस्त सामान व सोने के आभूषण एंव 5 लाख रूपये नगद उपहार स्वरूप दिये थे। उसका आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही पति सचिन गुप्ता, सास हसमुखी देवी, ससुर गणेश चन्द गुप्ता, देवर अमन गुप्ता,ननद प्रियंका कम दहेज लाने के ताने देकर परेशान करने लगे और मारपीट करने लगे। उससे मायके से सचिन की अग्रिम पढाई के लिए दहेज में 10 लाख लाख रुपये नगद लाकर देने की मांग करने लगे और कहने लगे कि अगर तूने पैसे लाकर नही दिये तो तुझे तलाक दे देंगे। उसे मानसिक व शारीरिक उत्पीडन करने लगे। 13 मार्च 2020 को पुत्र अनमोल गुप्ता को जन्म दिया। किन्तु उक्त लोगों के व्यवहार



में कोई बदलाव नहीं आया। वर्ष 2022 में सचिन गुप्ता का एमबीबीएस का दाखिला हो गया तथा वह वर्तमान में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष छात्र है। ससुराली उससे कहने लगे कि मायके से दहेज में 20 लाख रूपये लेकर आ सचिन की एमबीबीएस. में खर्चा बढ़ गया है। उसको बुरी तरह से मारा-पीटा तथा कमरे में बन्द कर भूखा प्यासा रखा गया। 9 दिसम्बर 2022 को उसके पिता ससुराल आये तो ससुरालियों ने उसके पिता को घेर लिया तथा डरा धमका कर जबरदस्ती सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए और घर से निकाल दिया। धमकी दी कि अगर जल्द ही 20 लाख रूपये का इंतजाम नही किया तो तुम लोगों को जान से मार देगें। वह अपने पिता के साथ मायके आ गई। 28 जनवरी 2023 को सचिन गुप्ता अपने माता-पिता को लेकर आया तब समझौता कर माफी मागते हुये उसको ले गये। परन्तु उनके व्यवहार में कोई सुधार नही आया। जिसके बाद सचिन गुप्ता द्वारा दहेज में 20 लाख रुपये की मांग करते हुये प्रताडित कर 1 जून 2024 को आनन्दपुर, राजकोट गुजरात के किराये घर से पुत्र सहित धक्के देकर निकाल दिया। तब से लगातार मायके में ही रह रही है। 23 जून 2024 को पति, सास, ससुरा, देवर, जबरदस्ती उसके मायके के घर में घुस आये और मारपीट करने लगे, और पुत्र को छीनकर ले जाने का प्रयास करने लगे। तब शोर सुनकर पडोस के लोग वहां आ गये और उन्होंने बचाया। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दुबई भाग रहे इनामी स्मैक तस्कर को दिल्ली एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार

हरिद्वार। हरिद्वार के श्यामपुर थाना क्षेत्र से स्मैक तस्करी के मामले में फरार 10 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दुबई भागने की फिराक में था। बीते चार साल से पुलिस को लगातार चकमा दे रहा था। स्थायी पता न होने से उसे ढूंढना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। नशे की काली कमाई से आरोपी कई देशों की यात्रा कर चुका है। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपी की धरपकड़ में पुलिस के अलावा हरिद्वार एलआईयू-सीआईयू की टीम ने भी भूमिका निभाई। एसएसपी ने पुलिस टीम की पीठ थपथपाई है।पुलिस के अनुसार, श्यामपुर क्षेत्र में 22 जुलाई 2020 में एसटीएफ ने हितेश कुमार को 41 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। पड़ताल में विनय थापा का नाम सामने



आने पर खोजबीन की गई, लेकिन वह हाथ नहीं लग सका। 15 दिसंबर 2022 को पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया। तत्कालीन एसएसपी ने नवंबर 2022 में पांच हजार का इनाम घोषित किया। फिर हाथ न लगने पर एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने एक मार्च को इनाम की राशि बढ़ा 10 हजार की। कोर्ट से गैर जमानती वारंट के साथ ही कुर्की वारंट भी लेकर कार्रवाई की गई। देहरादून के प्रेमनगर में जांच करने पर आरोपी की बाइक के 2019 में सीज होने का पता चलने पर थाने का रजिस्टर खंगालकर नंबर ढूंढा। आरटीओ से पता लगा कि आईडी के तौर पर विनय थापा ने आधार कार्ड व पासपोर्ट दिया था। पासपोर्ट नंबर की दिल्ली ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन विभाग से जानकारी मांगी। आरोपी दुबई, थाईलैंड, मलेशिया आदि देशों में यात्रा करने का पता चला।

# गुरूद्वारा सचखण्ड दरबार में बंदी छोड़ दिवस पर कीर्तन समागम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हल्द्वानी मार्ग पर बेलबाला मंदिर के पास स्थित गुरूद्वारा सचखण्ड दरबार में बंदी छोड़ दिवस मनाया गया। इस



अवसर पर नाम सिमरन सेवा समिति एवं गुरूद्वारा कमेटी की ओर से कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से गुरविंदर सिंह,गुरमीत सिंह गाबा, बलजीत सिंह,हरि सिंह ग्रोवर, भूपेंद्र सिंह लांबा, इंद्रजीत सिंह, सरदार सुरजीत सिंह ग्रोवर, इंद्रजीत सिंह, दिलीप सिंह आहूजा, स्त्री सत्संग सभा रुद्रपुर सुखमणि समिति रुद्रपुर के द्वारा शिवपुरी साहब का पाठ किया गया। इसके उपरांत दिल्ली से बंगला साहिब गुरुद्वारा के हजूरी रागी जत्था भाई गुरदयाल सिंह ने कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया।उन्होंने बताया कि सिखों के छठे गुरु हरगोविंद सिंह साहब जी जिन्होंने 52 हिंदू राजाओं को ग्वालियर में जहांगीर की जेल से मुक्त कराया था। कार्यक्रम में सचखंड दरबार के प्रबंधक कमेटी के राजेंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह ने सरदार सुरजीत सिंह ग्रोवर को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन बलजीत सिंह गाबा ने किया।

## पेज एक का शेष...

**शासन तंत्र ने ना तो ..** उदयराज सिंह ने भी 21 अक्टूबर को स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों की एक मीटिंग बुलाकर 31 अक्टूबर तक शहर की सड़कों के गड्ढे आवश्यक रूप से भरने के निर्देश दिए थे। इस मीटिंग में पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता हरीश कुमार ने जनपद की सभी प्रमुख सड़कों को गड्ढा मुक्त कर चुकने एवं शेष 20% अत्यंत क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने का दावा किया था, साथ ही नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्ग पाल ने भी 2.5 करोड़ की लागत से नगर के 45 मुख्य मार्गो को गड्ढा मुक्त कर चुके होने की बात कही थी ,लेकिन उपरोक्त तमाम कवायद और दावों के बावजूद नगर सीमांतर्गत अनेक सड़कों में गड्ढे की भरमार है और आमजन इसी गड्ढे के हिचकोले के हिंडोले में झूलते हुए आवागमन करने को विवश है। अब यह मार्ग नगर के मुख्य मार्ग नहीं है अथवा गड्ढा भरान के योग्य नहीं है ,यह तो शासन तंत्र के अधिकारी गण ही जाने। पर, हम उत्तरांचल दर्पण के पाठकों को की जानकारी के लिए बताना चाहेंगे कि नगर निगम रुद्रपुर के वार्ड क्रमांक 25 में झा कॉलेज जो सामने से प्रीत विहार की तरफ जाने वाली तकरीबन एक फरलॉन्ग लंबी सड़क में ही सैकड़ो गड्ढे अभी भी मौजूद है। लगभग यही हाल दक्ष चौराहे से बगवाड़ा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग का भी है ।इसके अलावा प्रीत विहार मेंन मार्केट से जूस फैक्ट्री की ओर जाने वाली सड़क भी काफी खस्ता हाल है। यहां पर इस बात का जिक्र जरूरी है कि उपरोक्त सड़के यातायात की दृष्टि से दिनभर व्यस्त रहती हैं और इन पर हजारों वाहनों का रोज आवागमन होता है। हम अपने पाठकों के अवलोकन के लिए इन सड़कों में मौजूद खतरनाक गड्ढे के कुछ चित्र प्रकाशित कर रहे हैं, जिन्हें देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आवागमन के समय लोगों को किन परेशानियों का सामना करना पड़ता होगा ? बहरहाल , निकट भविष्य में यह देखना खासा दिलचस्प होगा कि राज्य के सीएम और उधम सिंह नगर के डीएम की नौकरशाही पर कोई पेश चल पाती है कि नहीं और वह शहर के तमाम मार्गों को गड्ढा मुक्त कर पाने में सफल हो पाते हैं पाते हैं अथवा नहीं ।

**शीतकाल के लिए बंद हुए...** मंदिर उखीमठ के लिए प्रस्थान कर दिया है। बाबा केदार की डोली पहले रात्रि प्रवास पर रामपुर पहुंचेगी। सोमवार को डोली रामपुर से रात्रि प्रवास के लिए गुप्तकाशी और मंगलवार को गुप्त काशी से पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर पहुंचेगी। जहां पर सभी धार्मिक मान्यताओं के निर्वहन के साथ बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली को छह माह की पूजा के लिए मंदिर में विराजमान किया जाएगा। ***उत्तरकाशी***-चारधाम के पहले प्रमुख तीर्थ यमुनोत्री धाम के कपाट विशेष पूजा अर्चना के बाद पूर्व निर्धारित समयानुसार 12 बजकर पांच मिनट पर पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। अब छह महीने शीतकाल में मां यमुना के दर्शन व पूजा अर्चना शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली गांव में किए जाएंगे। इससे पहले सुबह आठ बजे मां यमुना के भाई शनिदेव समेश्वर महाराज अपनी बहन को लेने यमुनोत्री धाम पहुंचे थे। उसके बाद यहां सैकड़ों श्रद्धालुओं और स्थानीय देव डोलियों की मौजूदगी में मां यमुना के मंदिर कपाट बंद हुए। ग्रामीणों ने मां यमुना की डोली का फूल मालाओं, धूप, दीप नैवेद्य के साथ भव्य स्वागत किया। इस मौके पर पुरोहित महासभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल, यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल, पुरोहित समाज के सुरेश उनियाल, मनमोहन उनियाल, प्यारे लाल उनियाल, भागेश्वर उनियाल,सुभाष उनियाल,गौरव उनियाल,आशिष उनियाल,कमल सिंह बिष्ट,महावीर पंवार, आनंद सिंह राणा, जसपाल परमार,सीओ सुरेंद्र सिंह भंडारी,एस ओ दीपक कठैत, विक्रम सिंह, एसडीएम बृजेश तिवारी के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे

**पुलिस मुठभेड़ में ईनामी...**ण्भर्ती कराया गया। सूचना पर एसएसपी अजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिद्वार जिले के भगवानपुर के खैरी शिकोहपुर निवासी यूसुफ पर प्रेमनगर थाना क्षेत्र में पशु वध के मामले में उत्तराखंड गोवंश अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। एसएसपी ने आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। शनिवार को प्रेमनगर थाना क्षेत्र की झाझरा चौकी के पास पुलिसकर्मी चेकिंग कर रहे थे। रात करीब 10.30 बजे एक बाइक सवार को चेकिंग के लिए रोका गया लेकिन, वह पुलिस को चकमा देकर सहसपुर थाना क्षेत्र की ओर फरार हो गया। एसएसपी के अलर्ट जारी करने पर जिले की सीमाओं को सील करते हुए नाकाबंदी कर दी गई। सहसपुर थाना क्षेत्र के सभावाला में सिंघनीवाला में पुलिस ने बाइक सवार को रोका तो वह शेरपुर में निर्माणाधीन दिल्ली-देहरादून- पांवटा राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर भाग गया। बदमाश का पीछा कर रही प्रेमनगर और सहसपुर थाना पुलिस ने उसे शेरपुर में घेर लिया। इस दौरान बदमाश ने तमंचे से पुलिसकर्मियों पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मियों ने भी फायरिंग की। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिसकर्मियों ने बदमाश को घेरकर हिरासत में ले लिया। घायल बदमाश का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सहसपुर में उपचार करवाया जा रहा है। मुठभेड़ की सूचना पर एसएसपी अजय सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बदमाश को गिरफ्तार करने पर प्रेमनगर और सहसपुर थाना पुलिस को शाबाशी दी। एसएसपी ने बताया कि आरोपी पहले भी पशुवध की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। बताया कि आरोपी के पास से 315 बोर का देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस मिला है। मौके से एक राउंड खोखा भी मिला है।

**बंद घर में आग ..** मौके पर आ गये और उन्होंने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। आग के दौरान घर से दो सिलेंडर बाहर निकाल लिये गये। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। शक्ति देवी का कहना है कि आग की घटना में घर में रखा सारा सामान जिसमें वाहन की किश्त जमा कराने को रखी 1.30 लाख की नगदी, सहित घर में रखे रूपये, कपड़े, बिस्तर, टीवी, फ्रिज, फर्नीचर, बर्तन आदि शामिल था जलकर राख हो गया है। उसने बताया कि पति के निधन के बाद वह सिडकुल की कम्पनी में काम कर परिवार का भरण पोषण करती है। साथ ही बैंक से लोन पर लिए बुलेरो वाहन को किराये पर देती है। घटना से उसका सब कुछ तबाह हो गया है।

**तमंचों सहित तीन...**कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में चौकी रमपुरा पुलिस द्वारा तमंचे लहराने वाले तीनों अभियुक्तों को अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता प्रिंस उर्फ पंछी पुत्र अशोक कुमार उर्फ पप्पू निवासी वार्ड नंबर 13 दूधियानगर, पंकज कुमार पुत्र राजपाल निवासी वार्ड नंबर 13 दूधियानगर तथा अनिल कुमार पुत्र लालाराम निवासी वार्ड नंबर 13 दूधियानगर बताया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी मनोज रतूड़ी,एस आई ललित रावल, नवीन बुधानी, एएसआई नवीन जोशी, का. अमित जोशी, जगदीश पाठक, महेंद्र कुमार व ध्यान सिंह शामिल थे।

**पति को गैर महिला..**से प्रेम प्रसंग है। जिसका एक छोटा बच्चा भी है। जिसे वह किराए का मकान लेकर बागेश्वर में रह रहा है। विधवा महिला शनिवार को किसी कम के सिलसिले में लालकुआं आई हुई थी। युवक की पत्नी को दूसरी महिला के लालकुआं आने के बारे में जैसे ही पता चला तो उसने लालकुआं तहसील के सामने पति और उसकी प्रेमिका को एक अराइजनवीस के पास कुछ एग्रीमेंट के कागज बनाते हुए पकड़ लिया। जिसके बाद पत्नी आग बबूला हो गई और उसने पति और उसके प्रेमिका की बेरहमी से पिटाई करनी शुरू कर दी ।इस दौरान महिला ने पति की प्रेमिका के बालों को पड़कर जमकर घसीटा। मारपीट में दोनों महिलाएं मामूली रूप से घायल हो गईं मामला थाने तक पहुंचने पर पुलिस ने दोनों महिलाओं को समझा बुझाकर बमुश्किल शांत किया तथा युवक को सख्त हिदायत दी। इसके बाद मामला शांत हुआ। यह मामला लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





## इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान, जहाँ विश्वास है विश्वास का साथ।
## हर ख्वाब को साकार करें, गुरु माँ के साथ

23% कैश बैक

अब LED TV मात्र ₹990 की मासिक किस्त में घर लायें

50% तक की छूट

1 आप फायनांस कराएं किस्त हम देंगे

0 ब्याजमुक्त फाइनेंस पर

मनपसंद उत्पाद घर ले जाएं शेष राशि आसान ब्याज मुक्त मासिक किस्तों पर सुरक्षा

BAJAJ FINSERV | HDB FINANCIAL SERVICES | HDFC BANK | SAMSUNG Finance+

गुरू माँ उत्पादों पर अतिरिक्त वारंटी @290/- से

FAST DELIVERY

आज का आज !
सबसे तेज डिलीवरी एवं इंस्टॉलेशन

पुराना लाएं नया ले जाएं
पुराने की अच्छी कीमत पर

### सभी प्रतिष्ठित ब्रांड एक ही छत के नीचे उपलब्ध

SAMSUNG | Whirlpool | SONY | IFB | VOLTAS | BOSCH | Haier | DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC | AMSTRAD | SANSUI | PHILIPS | dyson | FABER | BLUE STAR
USHA | TOMASHI | Symphony | EUREKA FORBES | KENT | DELL | hp | JBL

### जैसे आपकी ख्वाहिशें, वैसी हमारी सेवाएं, सपनों को साकार करें

# गुरू माँ GURU MAA ELECTRONICS

**-रूद्रपुर-**
काशीपुर बाईपास (9690282777, 9756233166)
सिविल लाईन्स (9927882338), सोनी सेन्टर (9917170230)

**-काशीपुर-**
रामनगर रोड (8791989500)
चीमा चौराहा(9927813555

RUDRAPUR | HALDWANI | KASHIPUR | GADARPUR | MORADABAD | KICHHA | PITHORAGARH | LALKUAN | HARIDWAR